सत्यमेव जयते

असंशोधित

# बिहार विधान–सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

## 01 अप्रील, 2016

<u>क्रमॉक -13- श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह</u>

श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह : महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूँ कि :

" यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि वह जनहित एवं प्रशासनिक हित में प्रखंड गोरेयाकोठी में से एक नये प्रखण्ड का गठन करे । "

श्री श्रवण कुमार : सभापति महोदय, सिवान जिला अन्तर्गत गोरेयाकोठी में से एक नया प्रखंड का दर्जा दिए जाने के संबंध में विभाग को कोई भी अनुरोध प्राप्त नहीं हुआ है, अतएव गोरैयाकोठी में से एक नया प्रखंड का दर्जा दिये जाने संबंधी कोई प्रस्ताव विभाग में विचाराधीन नहीं है । सम्प्रति पंचायत आम निर्वाचन, 2016 अधिसूचित है फलस्वरुप तत्काल प्रखण्ड सृजन की कार्रवाई नहीं की जा सकती है । अत: माननीय सदस्य से अनुरोध है कि अपना संकल्प वापस लेने की कृपा करें ।

सभापति (श्री हरिनारायण सिंह ) : मा0 सदस्य क्या अपना प्रस्ताव वापस लेते हैं ?

श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह : सभापति महोदय, सिवान जिला के अन्तर्गत प्रखंड गोरेयाकोठी है और 22 पंचायत है । 15 कि0मी0 की दूरी पर मुख्यालय से पंचायत है । लोगों को आने जाने में बड़ी कठिनाई होती है । साथ ही प्रशासन को भी जाने में दिक्कत होती है । अगर एक्सीडेट हो गया, आपदा कोई हो गया तो जनता कों 15 कि0मी0 आने में परेशानी उठानी पड़ती है और प्रशासन को भी जाने में दिक्कत होती है । सरकार की नीयत है कि 7 पंचायत पर एक प्रखण्ड का गठन किया जायेगा ।

सभापति ( श्री हरि नारायण सिंह ): अपना प्रस्ताव वापस लेते हैं ?

श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह : जी जी, वापस ले रहे हैं - सरकार जनता के हित में वचनबद्ध है, तो जनता के हित में नये प्रखण्ड का गठन होना चाहिए । मैं यह प्रस्ताव देता हूँ और सरकार इसपर विचार करे । सरकार का विचार शिरोधार्य है , मैं प्रस्ताव वापस लेता हूँ ।

सभापति ( श्री हरिनारायण सिंह ) : सदन की सहमति से संकल्प वापस हुआ ।

<u>क्रमॉक-14-श्री सुरेन्द्र कुमार</u>

श्री सुरेन्द्र कुमार : मैं प्रस्ताव करता हूँ कि :

" यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि वह औराई प्रखंड अंतर्गत प्रखंड मुख्यालय अवस्थित रामजीवट उच्च विद्यालय को मॉडल हाई स्कूल में परिवर्तित करे । "